# तथ्य पत्रक
# ऑस्ट्रेलियाई कपास क्यों चुनें?




कपास 100 से अधिक देशों में उगाया जाता है और दुनिया भर में रेशे के उत्पादन लगभग 30% है. ऑस्ट्रेलिया विश्व मानकों पर एक अपेक्षाकृत छोटा उत्पादक है - वैश्विक उत्पादन के लगभग 5% उत्पादनकर्ता - लेकिन पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक है. ऑस्ट्रेलिया के लगभग सभी कपास के फूल का उपयोग उच्च गुणवत्ता वाले बारीक से लेकर मोटे धागे का उत्पादन करने के लिए होता है जिनका उपयोग से बारीक बुनाई और परिधान के क्षेत्रो में उपयोग किया जाता है.

ऑस्ट्रेलियाई कपास की अपनी उच्च गुणवत्ता, टिकाऊपन, मूल स्रोत की पहचान और उपभोक्ता अपील के कारण काफी मांग है. आपूर्ति श्रृंखला की पारदर्शिता और स्थायी रूप से उत्पादित उत्पादों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने से ऑस्ट्रेलिया के कपास की मांग बढ़ रही है. ब्रांड और खुदरा विक्रेता तेजी से पूरी तरह से ऑस्ट्रेलियाई कपास से बने कपड़ों और होमवेयर रेंज की पेशकश कर रहे हैं, जो व्यापार और ग्राहक दोनों की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं.

## ऑस्ट्रेलियाई कपास चुनने के कई शानदार कारण हैं

### 1 ऑस्ट्रेलियाई

> ग्राहक ऑस्ट्रेलियाई किसानों, उनके परिवारों और समुदायों का समर्थन करना पसंद करते हैं

> वैश्विक उपभोक्ता ऑस्ट्रेलिया के कृषि उत्पादों को उच्च गुणवत्ता वाले, टिकाऊ और सुरक्षित मानते हैं

> ऑस्ट्रेलिया लगातार उच्च गुणवत्ता वाले रेशे का उत्पादन कर रहा है जिसमें सुधार जारी है

### 2 उत्कृषट गुणवत्ता

> लगभग न के बराबर मिलावट का मतलब है बेहद कम दोष और टूट-फूट

> ऑस्ट्रेलिया लंबे रेशे वाले महीन कपास का उत्पादन करता है जो उच्च गुणवत्ता वाले धागों और कपड़ों में काता और बुना जाता है

> ऑस्ट्रेलियाई कपास मजबूत है, टिकाऊ, लंबे समय तक चलने वाले धागे और कपड़े का उत्पादन करता है

> स्वाभाविक रूप से सफ़ेद, ऑस्ट्रेलियाई कपास में चमकदार रंगाई के लिए बेहतर डाई सोखने की क्षमता है

### 3 संवहनीय

> ऑस्ट्रेलियाई कपास की एक गांठ को उगाने के लिए अब जरूरत होती है

- 97% कम कीटनाशक की
- 48% कम पानी की
- 34% कम भूमि की

> उद्योग का PLANET PEOPLE PADDOCK स्थिरता ढांचां उद्योग-व्यापी लक्ष्यों और आगे के सकारात्मक परिवर्तन के लिए एक संयुक्त दृष्टिकोण निर्धारित करता है

> ऑस्ट्रेलियाई कपास के पास दुनिया के सबसे कठोर कपास प्रमाणन कार्यक्रमों में से एक है. *my*BMP (सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन प्रथाओं) में 10 श्रेणियों में 300 से अधिक प्रथाएँ शामिल हैं जिन्हें किसानों द्वारा प्रमाणन प्राप्त करने के लिए पूरा किया जाना चाहिए

### 4 पता लगाने योग्य

> कच्चे माल के मूल स्रोत की जानकारी उन ब्रांडों और खुदरा विक्रेताओं के लिए तेजी से महत्वपूर्ण हो गई है जो आपूर्ति श्रृंखला में अधिक स्पष्टता चाहते हैं

> ऑस्ट्रेलियाई कपास की हर गांठ एक अनूठे बारकोड के साथ आती है जो उस खेत का पता लगाने की अनुमति देती है जिस पर इसे उगाया गया था

### 5 कथाकारिता

> ऑस्ट्रेलियाई कपास लगभग 1500 किसानों द्वारा उगाया जाता है, जिसमें इन परिवार के पास 90% स्वामित्व होता है और इनके द्वारा संचालित किए जाते हैं.

> कपास कैसे और कहां उगाई गई, इसकी कहानी और वास्तविक तथ्यों को अपने ग्राहकों के साथ जोड़ना, ऑस्ट्रेलियाई कपास चुनने के लिए आकर्षक कारण मुहैया करता है

> टिकाऊ, पता लगाने योग्य, लाज़वाब रेशे कुछ ऐसी चीज़े हैं जिन्हें ग्राहक लगातार चाह रहे हैं - उन सभी को ऑस्ट्रेलियाई कपास को एक विशेष स्त्रोत से प्राप्त करना को शामिल कर कहानी को जीवंत किया जा सकता है